# स्वाभिमान की बात पर भी हमारा खून नहीं खोलता है, तो हम पर लानत है : डोटासरा

**जयपुर**, (का.प्र.)। राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ के खिलाफ जहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने दिल्ली में विरोध प्रदर्शन का मोर्चा संभाला तो जयपुर में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से ईडी कार्यालय ज्योति नगर तक मार्च निकालकर कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार को ललकारा।

जयपुर में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से ज्योति नगर तक निकाले गए मार्च में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और कांग्रेस नेताओं सहित कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे। हालांकि उम्मीद के मुताबिक भीड़ नहीं आने पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि कुछ नेता सरकार में पद लेकर तो बैठे हैं, लेकिन जब संघर्ष करने के लिए सड़क पर उतरना होता है, तो वह समर्थक लाने की बजाय अपने गनमैन लेकर इन प्रदर्शनों में पहुंच जाते हैं। अब समय आ गया है, जब हम सबको खड़ा होना होगा, क्योंकि जब स्वाभिमान पर बात आती है या किसी व्यक्ति की इज्जत सरेआम लूटने की साजिश होती है, उसके बाद भी अगर हमारा खून नहीं खौलता है तो हम पर लानत है। हम धरती पर जिंदा कैसे हैं?

डोटासरा ने कहा कि हम कांग्रेस के सिपाही हैं। हम सब पद लेना चाहते हैं, सरकार में बड़े-बड़े ओहदे लेना चाहते हैं। हम मर्जी के मुताबिक अधिकारी लगवाना चाहते हैं, लेकिन जब संघर्ष की बारी आती है, तो हम अपनी गाड़ी के गनमैन के साथ बैठकर आ जाते हैं। इस प्रकार से यह देश नहीं बचेगा कि हमारे नेता के पर हमला हुआ और हम धरने प्रदर्शन और कार्यक्रम को हंसी मजाक में लेंगे।



दिल्ली में राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय से ज्योति नगर तक पैदल मार्च निकाला।

डोटासरा ने कहा कि कल हमें भी जब पकड़कर जेलों में ठूंसा जाएगा, उस समय हमारे पक्ष में भी कोई नहीं बोलेगा क्योंकि जब हमारे नेता, हमारे पार्टी प्रमुख पर हाथ उठाया, तब भी हम नहीं बोले। ऐसे में अब संदेश यह जाना चाहिए कि राहुल गांधी के पर जो कार्रवाई करने का प्रयास है, उसके बाद भाजपा और मोदी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। लगना चाहिए कि हम लोग जाग गए हैं। कांग्रेस का कार्यकर्ता सड़कों पर आ गया हैं। डोटासरा ने कहा कि अब जेल भरनी पड़ेगी तो हम जेल भरेंगे, डंडे खाने होंगे तो हम डंडे भी खाएंगे। जब सरकार में बैठकर हम मलाई खा सकते हैं तो क्या कांग्रेस के नेता के लिए डंडे नहीं खा सकते?

मंत्री गोविंदराम मेघवाल ने कहा बीजेपी जब से सत्ता में आई है पूरे देश को बेचने का काम कर रही है। रेलवे, एयरपोर्ट, एलआईसी बेच दिए। बैंक, सड़क और कोयला बेचने का काम हो रहा है। पूरे देश में दंगे फैलाने की कोशिश हो रही है। कभी नबी के नाम पर गाली देते हैं। ताकी दंगे फैलें। इसलिए नारा देना होगा। पहले लड़े थे गोरों से अब लड़ेंगे चोरों से। ये अंग्रेजों के मुखबिर हैं। इनका आजादी पर कोई भरोसा नहीं है। 52 साल तक आरएसएस कार्यालय पर कभी तिरंगा झंडा नहीं फहराया। अब असली हिन्दू राष्ट्र बनाने की बात की जा रही है।

मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने कहा कि इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब किसी राज्य के सिटिंग मुख्यमंत्री को धरना-आंदोलन में हिस्सा लेने पर गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री गहलोत ने खुद ट्वीट कर जानकारी दी कि उन्हें दिल्ली में किसी थाने में ले जाया जा रहा है। खाचरियावास बोले कि लोकतंत्र में ऐसा नहीं होता। यह संविधान का उल्लंघन है। कल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जयपुर में बीजेपी के किसी कार्यक्रम में आएंगे, तो क्या उन्हें राजस्थान की कांग्रेस सरकार गिरफ्तार करवा देगी।

- **प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने उलाहना दिया, ''नेता पद लेकर बैठे हैं, लेकिन संघर्ष के लिए सड़क पर उतरना होता है, तो समर्थक लाने की बजाय गनमैन लेकर आ जाते हैं''**

खाचरियावास बोले डोटासरा इनकार कर रहे हैं कि राजस्थान में मोदी को गिरफ्तार नहीं करवाया जाएगा क्योंकि कांग्रेस लोकतंत्र में विश्वास करती है।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ चंद्रभान ने कहा मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने एक बात होशयारी की कही है कि राहुल गांधी को ईडी गिरफ्तार नहीं करेगी। मोदी और अमित शाह केवल गीदड़ भभकियाँ देते हैं। राहुल गांधी को अगर गिरफ्तार किया तो केंद्र सरकार की अक्ल दुरुस्त करने का काम कांग्रेस पार्टी करेगी। धरने में विधायक इंद्राज गुर्जर, बाबूलाल नागर सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

धरने को मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला, डॉ. चन्द्रभान, शकुंतला रावत, रमेशचन्द मीणा, परसादीलाल मीणा, राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह गुढा, विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा, मुकेश भाकर, रामनिवास गावड़िया, जगदीश जांगिड़, संदीप यादव, गिरिराज सिंह मलिंगा, प्रदेश उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफ, सामाज कल्याण बोर्ड की चेयरमेन डॉ. अर्चना शर्मा, कैशकला बोर्ड के चेयरमेन महेन्द्र गहलोत, एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी सहित अनेक नेताओं ने सम्बोधित किया।

## 'बौखलाई कांग्रेस सत्याग्रह का ढोंग रच रही है'

**जयपुर**। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि देश में आर्थिक अपराधों पर नकेल कसने वाली संस्था प्रवर्तन निदेशालय द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी को समन भेजने से बौखलाई कांग्रेस सत्याग्रह का ढोंग रच रही है। अगर गांधी परिवार बापू के सत्याग्रह को आत्मसात कर लेता तो आज फर्जी सत्याग्रह की नौबत नहीं आती।

राठौड़ ने कहा कि वर्ष 2012 में गांधी परिवार पर यंग इंडियन लिमिटेड के माध्यम से नेशनल हेराल्ड की मूल कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का गलत तरीके से अधिग्रहण का आरोप लगा था।

# रिश्वत लेने वाले नगर पालिका चेयरमैन को सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। एसीबी मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 ने कृषि भूमि को आवासीय में बदलने के बदले रिश्वत लेने वाले किशनगढ़-रेनवाल नगर पालिका मंडल के तत्कालीन चेयरमैन कन्हैयालाल कुमावत को तीन साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 40 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि सांवरमल जाट ने बीस फरवरी 2009 को एसीबी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि उसने अपनी कृषि भूमि को आवासीय में बदलने के लिए आवेदन किया था। नगर पालिका चेयरमैन दस रुपए वर्ग गज के हिसाब से दो लाख रुपए मांग रहा है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए एसीबी ने 22 फरवरी को सत्यापन किया और 24 फरवरी को अभियुक्त को पचास हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

# कांग्रेस पार्टी प्रदेश में किसानों की पीठ में छुरा घोंपने का काम कर रही है : राठौड़

**जयपुर**। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 11 जून को अपने निवास पर राज्य मंत्रीमण्डल की बैठक में कृषि उपज मण्डी अधिनियम 1961 की धारा 17 एवं 17-ए के तहत ''मण्डी प्रांगण की चार दीवारी'' के स्थान पर मण्डी क्षेत्र लागू करने के प्रावधान के लिए मण्डी अधिनियम में संशोधन किये जाने का जो निर्णय लिया है उससे अब प्रदेश के भोले-भाले किसानों के द्वारा कृषि मण्डियों के बजाय खुले बाजार में बेची जा रही अपनी फसल पर टैक्स देने के लिए बाध्य होगा।

राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री का दोहरा रवैया इस बात से साबित होता है कि जब केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए सन् 2020 में 3 ऐतिहासिक बिल लाये गये थे, जिसके अनुसार किसानों को बिना मण्डियों में जाये अपनी उपज को खुले बाजार में बेचने के स्वच्छन्द अधिकार दिये थे उसका कांग्रेस पार्टी ने पुरजोर विरोध किया था। अब वही कांग्रेस पार्टी प्रदेश में किसानों की पीठ में छुरा घोंपने का काम कर रही है और गरीब किसान पर जाते-जाते टैक्स का बोझ लाद रही है। राज्य सरकार द्वारा 2020 के विधानसभा सत्र में राजस्थान कृषि उपज मण्डी अधिनियम 1961 के अन्तर्गत राजस्थान कृषि उपज मण्डी (द्वितीय संशोधन) अधिनियम 2020 के द्वारा नई धारा 17-ए जोड़ी गई थी जिसके आधार पर प्रदेश में सभी मण्डी समितियों द्वारा चलाये गये प्रधान मण्डी यार्ड, उपमण्डी यार्ड, निजी मण्डी यार्ड, निजी मण्डी उपयार्ड, निजी कृषक उपभोक्ता मण्डी यार्ड, मण्डियों या मालिक मण्डियों के रूप में चिन्हित भण्डार गृह, कोठार, शीत गृह या अन्य स्थान जहां पर किसानों द्वारा अपनी फसल को लाकर बेचा जा रहा है।

## भाजपा में संगठनात्मक बैठकों का दौर शुरू

**जयपुर**। राज्यसभा चुनाव में भले ही भाजपा को क्रॉस वोटिंग का दंश झेलना पड़ा हो लेकिन अपने पुराने कड़वे अनुभव भुलाकर भाजपा अब मिशन 2023 की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए संगठनात्मक बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है। सोमवार को प्रदेश मुख्यालय में जहां सशक्तिकरण अभियान का आगाज किया गया। प्रदेश भाजपाजून और जुलाई महीने में भाजपा की संगठनात्मक स्तर पर मजबूती के लिए कई कार्यक्रम हाथ में लिए गए हैं। भाजपा सांसदों को भी पार्टी की सबसे छोटी बूथ इकाई से जुड़े अभियान में टास्क दिया गया है। बूथ सशक्तिकरण अभियान की कार्यशाला में सांसदों ओर हर जिले के अभियान से जुड़े संयोजक और सह संयोजक भी इस बैठक में शामिल रहे। हालांकि भाजपा के 17 लोकसभा और 1 राज्यसभा सांसद इस बैठक में शामिल हुए जबकि प्रदेश में लोकसभा के 24 और राज्यसभा के 4 सांसद भाजपा के हैं। बैठक में शामिल होने वाले सांसदों में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के साथ ही सांसद रामचरण बोहरा, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, बाबा बालक नाथ, राहुल कसवा, रंजीता कोली, पीपी चौधरी, कनक मल कटारा और दुष्यंत सिंह समेत 18 सांसद शामिल हुए।

## दुष्कर्म करने वाले को सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर द्वितीय ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त साहिल अली को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि 23 अप्रेल 2019 को पीड़िता के पिता ने मुरलीपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि उसकी 15 साल की बेटी सुबह घर के बाहर खड़ी थी। इतने में अभियुक्त अपने कुछ साथियों के साथ आया और उसका अपहरण कर ले गया।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ी गिरावट

## राज्य में सोमवार को 66 नए संक्रमित मिले, इससे पहले रविवार को 77 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । प्रदेश में सोमवार को नए करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ी गिरावट आई है। इस दौरान राज्य में 66 नए संक्रमित मिले हैं। इनमें करीब आधे मरीज जयपुर जिले में मिले हैं। उधर राज्य में पिछले चौबीस घंटों में केवल 33 ही मरीज ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 543 हो गए हैं।

प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ा-बहुत उतार-चढ़ाव बना हुआ है। इसके चलते राज्य में सोमवार को 14 जिलों में 66 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले रविवार को 77 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 10 मामले कम आने के साथ ही 30 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा बीकानेर में 10, अजमेर, दौसा व उदयपुर में 4-4, नागौर में 3, अलवर, गंगानगर व हनुमानगढ़ में 2-2 तथा बारां, चूरू, झालावाड़, जोधपुर और सवाईमाधोपुर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच 19 जिले बांसवाड़ा, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, डूंगरपुर, जैसलमेर, जालोर, झुंझुनूं, करौली, कोटा, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सीकर, सिरोही और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में सोमवार को नए संक्रमितों के मुकाबले में आधी रिकवरी हुई है। इस दौरान 6 जिलों में 33 संक्रमित ही ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस बढ़कर 543 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 277 मामले जयपुर में है। प्रदेश में सोमवार को भी करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई। हालांकि, राज्य में अब तक इस बीमारी से 9559 लोगों मृत्यु हो चुकी है।

- **राजधानी जयपुर में 30 नए मरीज मिले, इनमें सबसे ज्यादा 5 संक्रमित मालवीय नगर में सामने आए हैं।**
- **प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में नए संक्रमितों के मुकाबले आधी रिकवरी होने से एक्टिव केस बढ़कर 543 हो गए हैं।**

राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 15 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 5 नए संक्रमित मालवीय नगर में पाए गए हैं।

इसके अलावा मानसरोवर में 4, जगतपुरा, जवाहर नगर और वैशाली नगर में 3-3, बनीपार्क और बापू नगर में 2-2 तथा सी-स्कीम, दुर्गापुरा, गांधी नगर, झोटवाड़ा, निर्माण नगर, सांगानेर, शास्त्री नगर और सोडाला में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

## जानलेवा हमला करने वाले को सजा

जयपुर, (का.सं.)। अतिरिक्त सत्र न्यायालय महानगर प्रथम ने बच्चे की बलि देने के लिए उस पर जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्त रविचन्द्र बर्मन को तीन साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर पांच हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा करने पर अभियुक्त को छह माह अतिरिक्त जेल में रहना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि मॉडल टाउन, मालवीय नगर निवासी ललिता बर्मन 17 अक्टूबर 2018 को अपने बच्चों के साथ दुर्गा पूजा के लिए हल्दिया गार्डन गई थी। जैसे ही वह गार्डन के गेट में घुसे, अभियुक्त ने उसके बेटे पीयूष की हत्या करने के उद्देश्य से उसके सिर पर छुर्रे से तीन बार वार किया। इसके चलते वह लहूलुहान हो गया। वार करने के बाद अभियुक्त ने कहा कि उसने बच्चे की बलि दे दी है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए मालवीय नगर थाना पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

## नवीन तहसील सीकर ग्रामीण का सृजन

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सीकर जिले में नवीन तहसील सीकर ग्रामीण बनाने एवं अलवर जिले की उप तहसील खैरथल को तहसील में क्रमोन्नत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत के इस निर्णय से लोगों को स्थानीय स्तर पर ही राजस्व कार्यों के निस्तारण में सुगमता होगी। नवसृजित तहसील सीकर ग्रामीण में 7 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त, 29 पटवार मण्डल व 83 राजस्व ग्राम शामिल होंगे।

# प्रताप नगर में 5 साल की मासूम बच्ची से पड़ौसी ने किया दुष्कर्म

## खून से सनी हालत में रोती हुए बच्ची घर पहुंची तो परिजनों के होश उड़े

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में आमेर के बाद अब प्रताप नगर में 5 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म की वारदात सामने आयी है। 15 साल के किशोर ने पडौस में रहने वाली से दरिंदगी की और फरार हो गया। खून से सनी हालत में बच्ची रोते हुए घर पहुंची और मां को दरिंदगी की घटना बताई। इस हैवानियत की खबर सुनकर हर किसी की रूह कांप गई। फिलहाल बच्ची डॉक्टर्स की देखरेख में है, उसका इलाज जारी है लेकिर वह गहरे दर्द में है। हालात ये है कि वह मां के आंचल से उतरने तक को तैयार नहीं है, उसका इलाज जारी है। बात-बात में मासूम रोती है, मां कभी खिलौने तो कभी टॉफी देकर उसे चुप कराने की कोशिश करती है। कुछ देर चुप रहने के बाद वह फिर से रोने लगती है, साथ में मां के आसू भी छलक आते है।

प्रताप नगर पुलिस ने बताया कि पांच साल की मासूम बच्ची रविवार दोपहर अपने घर के पास ही खेल रही थी। जिस जगह बच्ची का घर वहां पर बस्ती बनी हुई है। पास ही पंद्रह साल का एक किशोर रहता है जो पडौसी का बेटा है। मासूम बच्ची दोपहर में अपने घर के पास खेल रही थी, उस दौरान बच्ची को टॉफी देने का लालच देकर आरोपी अपने साथ ले गया। उस समय परिवार के अन्य लोग वहां नहीं थे ।

- **टॉफी दिलाने की बात कहकर बच्ची को घर से लेकर गया था किशोर, पुलिस टीम ने उसे निरुद्ध किया**

उसके बाद बच्ची से रेप करने के बाद वहां से फरार हो गया। बच्ची चीखी चिल्लाई तो आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया और फिर गंदा काम किया। बच्ची को उसके घर के पास ही छोड़कर वह भाग छूटा।

खून से सनी हालत में रोती हुई बच्ची जब मां के पास पहुंची तो हडकंप मच गया। मां अपनी मासूम बेटी की हालत देखकर जड़ हो गई। बच्ची उसके गले जा लिपटी। बाद में जब उसने पडौसी भैया की पूरी हैवानियत के बारे में बताया तो मां भी आंसू नहीं रोक सकी। पुलिस को तुरंत जानकारी दी गई। पुलिस ने भी तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश कर उसे निरूद्ध कर लिया है।

गौरतलब है कि पिछले सप्ताह ही जयपुर के आमेर थाना इलाके में रहने वाली नौ साल की एक बच्ची का रेप करने के बाद 16 साल के आरोपी ने चाकू से गला काटकर उसकी हत्या कर दी थी। उसके बाद पुलिस को गुमराह करने के कोशिश उसने की थी, लेकिन बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया था।

# मौजी कॉलोनी के आवासीय भूखंड पर बने कार शोरूम का भू-उपयोग बदलने पर क्यों आमादा है जेडीए अफसर?

## उपनिदेशक विधि नंदगोपाल गोयल ने लोकायुक्त और कोर्ट केस लंबित होने के कारण प्लॉट नंबर 49-50 का भू-उपयोग बदलने से साफ मना कर दिया था, लेकिन जब दुबारा फाइल पहुंची तो टिप्पणी बदलकर हां कर दी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । मालवीय नगर की आवासीय ''मौजी कॉलोनी'' में बनी कार शोरूम की अवैध बिल्डिंग पर जेडीए के अफसरों की मेहरबानी थमने का नाम नहीं ले रही है। आवासीय भूखंड़ 49-50 पर पर बने इस शोरूम पर कार्रवाई करने के बजाय अब अधिकारी इस प्लॉट का भू-उपयोग बदलने के लिए अपनी ही टिप्पणियों को गलत ठहराने से नहीं चूक रहे। यह कारनामा उपनिदेशक विधि नंदगोपाल गोयल ने किया है। उन्होंने पहले तो मामला लोकायुक्त और कोर्ट में लंबित बताकर भू-उपयोग बदलने से साफ मना कर दिया था, लेकिन जब दुबारा फाइल उनके पास पहुंची तो उन्होंने अपनी टिप्पणी ही बदल दी।

उधर इस मामले की राजस्थान संपर्क पोर्टल पर शिकायत करने वाले स्थानीय निवासी डॉ. राजीव पाटनी को जेडीए ने जवाब भेजकर यह तो स्वीकारा है कि मामला लोकायुक्त और विभिन्न कोर्ट में पैंडिंग है, लेकिन आवासीय प्लॉट का भू-उपयोग बदलने के सवाल का जवाब गोलमोल करते हुए कहा कि नगरीय विकास विभाग की अधिसूचना के मुताबिक कार्रवाई कर रहे हैं।

सूत्रों की मानें तो उपनिदेशक विधि की राय बदलने के बाद अवैध निर्माणकर्ता ने जेडीए को सुझाव दिया है कि पहले अवैध निर्माण का भू-उपयोग बदलकर मिश्रित कर दिया जाये, उसके बाद वह जेडीए पर किया हुआ केस वापस ले लेगा।

मजेदार तथ्य यह है कि जेडीए के उप निदेशक विधि नंदगोपाल गोयल ने इस सुझाव को मान भी लिया। उन्होंने पहले मालवीय नगर मौजी कालोनी में भूखंड संख्या 49-50 के आवासीय इलाके में जारी आवासीय पट्टे के बाद भू-उपयोग नहीं बदलने की टिप्पणी कर दी। उन्होंने अपनी टिप्पणी में लिखा था कि यह मामला लोकायुक्त में विचाराधीन है, विभिन्न न्यायालयों में केस चल रहे हैं। गुलाब कोठारी की स्वेप्रेरित याचिका के तहत स्टे के कारण भू-उपयोग नहीं बदला जा सकता। इसके बाद जब भूखंड मालिक, जेडीए आयुक्त और सचिव के पास पहुंचा तो इन दोनों अधिकारियों ने फाइल को दुबारा से उप निदेशक विधि नंदगोपाल गोयल के पास भेजी। जिस पर उन्होंने नगरीय विकास विभाग, स्वायतत्तशासन विभागों के परिपत्रों का हवाला देते, भूखंड मालिक के कोर्ट से स्टे हटाने के सुझाव के बाद इस अवैध निर्माण किए गए भूखंड को नियमित करने का सुझाव जेडीए को मानने को कहा। साथ में भू-उपयोग बदलने से जेडीए को होने वाली आमदनी के बारे में बताया।

मजेदार बात है कि जेडीए भी मान रहा है भूखंड मालिक ने अवैध निर्माण तो किया है, लेकिन उसे अवैध निर्माण करने पर धारा 31 और 32 में नोटिस दिए हैं। कार्रवाई से बचने के लिए भूखंड मालिक जेडीए ट्रिब्यूनल से स्टे लाने की बजाय सिविल कोर्ट से स्टे ले आया। स्थानीय निवासी डॉ. राजीव पाटनी की आपत्ति के बाद जब जेडीए के जोन-1 का जेईएन मौका निरीक्षण करने गया था। उसने अपनी टिप्पणी में साफ लिखा है कि यह इलाका आवासीय है। भूखंड मालिक ने जमीन पर बेसमेंट, ग्राउंड व फर्स्ट फ्लोर पर शोरुम बना रखा है, जिसमें हुंडई का शोरुम बना कर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है।

- **दूसरी तरफ अवैध निर्माणकर्ता ने जेडीए को सुझाव दिया है कि अगर जेडीए उसके भूखंड़ 49-50 का भू-उपयोग आवासीय से बदलकर मिश्रित कर दे तो वह जेडीए पर किया हुआ केस वापस ले लेगा। ताज्जुब की बात यह है कि जेडीए के अफसरों ने भी अपनी टिप्पणी में भू-उपयोग बदलने से जेडीए को राजस्व फायदा होने की बात कहते हुए अवैध निर्माणकर्ता का प्रस्ताव मान लिया**

## सार-समाचार

### आरएनसी रजिस्ट्रार का स्वागत किया



**जयपुर** । राजस्थान प्राइवेट नर्सिंग स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज फैडरेशन व प्राइवेट फिजिओथैरेपी, नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल इस्टीट्यूशन्स सोसाइटी ऑफ़ जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में फैडरेशन के पदाधिकारियों की ओर से राजस्थान नर्सिंग कौंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. शशिकान्त शर्मा का 51 किलो की माला पहनाकर अभिनन्दन किया। राजस्थान प्राइवेट नर्सिंग स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज फैडरेशन के उपाध्यक्ष विमल मीणा और प्राइवेट फिजिओथैरेपी, नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल इस्टीट्यूशन्स सोसाइटी ऑफ़ जयपुर के सचिव दिलीप तिवाड़ी ने बताया की नर्सिंग कौंसिल के अंतर्गत वर्तमान में परीक्षाएं व पंजीयन सम्बन्धी सभी कार्य ऑनलाइन सम्पादित किये जा रहे हैं। इससे प्रदेश की नर्सेज एवं छात्र-छात्रों को काफी राहत मिली है। वहीं समय से काम हो रहा है। उन्होंने बताया की कौंसिल में पहली बार परीक्षाएं समय पर होने के साथ ही परिणाम भी समय पर निकले जा रहे हैं। साथ ही विद्यार्थी सेवा केंद्र के शुरू होने से भी लोगों को बहुत फायदा हुआ हैं । इस अवसर पर फैडरेशन के पदाधिकारी डॉ. आजम बेग, हरीश राजानी, कमल पाहुजा, सुमन रावत, राजेंद्र चौधरी, डॉ. प्रमोद पाल, राजू दाधीच, मामराज धारीवाल व अन्य पदाधिकरी उपस्थित रहें।

### चिकित्सा मंत्री से मिले नर्सेज पदाधिकारी

**जयपुर** । राजस्थान नर्सेज संघर्ष समिति ने नर्सिंग भर्ती 2018 में झालावाड़ में नवचयनित 106 नर्सिंग ऑफिसर का बकाया 8 महीने का वेतन व निदेशालय जयपुर जोन सहित अन्य जिलों के फिक्सेशन के कार्य कई दिनो से नही होने की समस्या को लेकर चिकित्सा मंत्री परसादी लाल से मुलाकात की। इसके बाद चिकित्सा विभाग के शासन सचिव डॉ पृथ्वी राज से मुलाकात कर निदेशालय में नर्सिंग ऑफिसर के कार्य समय पर पूर्ण करने के लिए की मांग रखी। इस दौरान अध्यक्ष सोमसिंह मीणा, प्रदेश संयोजक मनोज दूब्बी अन्य नर्सेज मौजूद रहे।

### सुपर लग्जरी बसों का किराया 200 रु.बढ़ा

**जयपुर** (कासं)। गर्मियों की छुट्टियों में राजस्थान रोडवेज ने जयपुर-दिल्ली मार्ग पर चलने वाली सुपर लग्जरी बसों के किराए में 200 रुपए की बढ़ोतरी की है। अब प्रति व्यक्ति किराया 700 से बढ़ाकर 900 रुपए किया गया है। किराए की नई दर एक जुलाई से लागू होगी। रोडवेज अधिकारियों ने बताया कि दिसंबर, 2020 से इस मार्ग पर किराए में 200 रुपए की छूट दी थी। इससे पहले भी किराया 900 रुपए ही था। गौरतलब है कि कम यात्री भार के चलते कुछ समय पहले रोडवेज ने किराए में 200 रुपए की छूट दी थी। जिसके चलते किराया 900 की जगह 700 रुपए हो गया था। इससे यात्रियों की संख्या में इजाफा हो गया था, लेकिन अब फिर से किराया बढ़ा दिया है।

### अपहरण कर 60 लाख रु. फिरौती मांगी

**जयपुर** । करधनी इलाके में एक युवक का अपहरण कर मारपीट के बाद 60 लाख रूपए की फिरौती मांगी गई। पुलिस के अनुसार मोहरू नगर निवासी नंदनी कंवर ने रिपोर्ट दी है कि 10 जून की सुबह उसका पति सत्यपाल सिंह चौहान वैध जी का चौराहा स्थित एसबीआई गए थे। शाम 4 बजे दो घंटे में घर आने का व्हाट्सअप मैसेज आया। इसके बाद पति का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। बाद में पता चला कि अक्षय शर्मा ने पति सत्यपाल का अपहरण किया है और अपने पास बिठा रखा है। इस पर अक्षय शर्मा को कॉल किया, जिसने पति से बात करवाई। अक्षय शर्मा ने उसे छोड़ने के लिए 60 लाख रूपए मांगे। थानाधिकारी बनवारी लाल मीणा ने बताया कि सत्यपाल और अक्षय के बीच आपसी लेन देन है। दोनों प्रॉपर्टी व्यवसाय करते हैं। शुरूआती जांच में सामने आया है कि अक्षय सत्यपाल से 25 लाख रूपए मांगता है। वहीं पीड़ित सत्यपाल ने आरोप लगाया है कि उससे मारपीट कर 60 लाख रूपए के स्टाम्प पर साइन करवाए गए हैं।

### 50 हजार की घूस लेते जेईएन गिरफ्तार

**जयपुर** । एसीबी ने सोमवार को शिक्षा संकुल में समग्र शिक्षा अभियान में तैनात जेईएन को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी 5 लाख रुपए के बकाया बिलों और डिफेक्ट लाईबिलिटी के भुगतान की एवज में 1 लाख 28 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा था। आरोपी पूर्व में भी पीड़ित से 26 हजार रुपए रिश्ववत के ले चुका था। आज 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए आरोपी को शिक्षा संकुल में गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर एसीबी मुख्यालय ले जाया गया। जहां एसीबी पूछताछ में जुटी है कि वह रिश्वत की रकम किसे-किसे देने वाला था। एसीबी के एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि आरोपी ज्ञानप्रकाश शुक्ला पुत्र अतरलाल के निवास प्लॉट नं0 4, शान्ति नगर, 132 केवी जीएसएस, पुराने घाट के सामने गोनेर रोड में भी एसीबी की टीम के द्वारा सर्च किया जा रहा है। परिवार के लोगों से सम्पत्ति का ब्यॉरा भी लिया जाएगा। एसीबी के अधिकारियों ने बताया कि जब पीड़ित एसीबी मुख्यालय पहुंचा तो उसने बताया कि आरोपी जेईएन उसे परेशान कर रहा है। आए दिन फोन पर धमकी देता और पैसा मंगवाता। कई बार उसे पैसा पहले भी दिया जा चुका है।